मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 17, मुंबई, गुरुवार, 12 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# एमपी के बाद महाराष्ट्र?

## शरद पवार ने पार्टी विधायकों की बुलाई मीटिंग



## संजय राउत बोले- 'मध्य प्रदेश वायरस' यहां नहीं घुस सकता

### महाराष्ट्र के बारे में भी चर्चा शुरू, आने वाले दिनों में महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में उठापटक संभव

संवाददाता

**मुंबई।** मध्यप्रदेश के सियासी संकट के बाद अब महाराष्ट्र में भी राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बुधवार शाम को अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई। राकांपा ने दो सीटों के लिए अपना दावा ठोका है, जिसमें एक सीट राकांपा प्रमुख शरद पवार के लिए रिजर्व है। राकांपा के एक नेता ने बताया, पवार साहब और फौजिया खान चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार होंगे। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश जैसी राजनीतिक स्थिति होने से इनकार किया

### कांग्रेस ने कहा- राज्य में है एक स्थिर सरकार

सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री अशोक चव्हाण ने कहा एमवीए सरकार के लिए कोई खतरा नहीं है यह एक स्थिर सरकार है। राज्य की स्थिति मध्य प्रदेश की तुलना में अलग है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख बालासाहेब थोराट ने कहा- गठबंधन के भीतर उचित समन्वय है और सरकार को गिराने के भाजपा के किसी भी प्रयास को नाकाम किया जाएगा।

### कांग्रेस के कई विधायक नाखुश

महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार में भले ही कांग्रेस शामिल हो, लेकिन कांग्रेस के कई विधायक अपनी सरकार से खुश नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण कई बार ठाकरे सरकार के खिलाफ मुखर होकर बोलते नजर आए हैं। शुक्रवार को अपनी सरकार के बजट पर पृथ्वीराज चव्हाण ने आगे आकर सवाल किया कि बजट में रोजगार बढ़ाने के लिए क्या किया गया है?




### कोरोना वायरस से निपटने के लिए विपक्ष सरकार की मदद को तैयार: देवेन्द्र फडणवीस

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मरीजों की स्थिति स्थिर : उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि राज्य में जो लोग कोरोना वायरस के परीक्षण में पोजिटिव पाये गये हैं, उनकी स्थिति स्थिर है और यात्रियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# कोरोना का डर

## मुंबई में टल जाएंगे आईपीएल के मैच?



**मुंबई।** भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच देश की सबसे बड़ी टी20 लीग आईपीएल पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। बीसीसीआई भले ही अपने इस प्रतिष्ठिक टी20 लीग टूर्नामेंट का कार्यक्रम टालने के मूड में न हो लेकिन राज्य सरकारों ने इसे टालने को लेकर गंभीरता के साथ विचार करना शुरू कर दिया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### शिवसेना नेताओं ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार विजेता से किया दुर्व्यवहार, मंच से उतारा

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंबई में आयोजित एक समारोह के दौरान शिवसेना के नेताओं ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार विजेता जेन सदावर्ते को मंच से उतार दिया। जेन को इस समारोह में अतिथि बनाकर बुलाया गया था। शिवसेना के इस व्यवहार के बाद जेन के परिवार ने मीडिया को इस बात की जानकारी दी। वहीं पूरे घटनाक्रम का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रविवार को देर रात परेल स्थित दामोदर हॉल में सुभाष भामरे मित्र मंडल, शिवराज प्रतिष्ठान, विठ्ठल चव्हाण प्रतिष्ठान, गणराज सहकारी पटसंस्थान लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अधिवक्ता गुणरतन सदावर्ते ने बताया कि जेन ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब बच्चों की समस्याओं पर बोल रही थीं। इसमें मुंबई के सिविक स्कूल भी शामिल थे, जहां बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित रह जाते थे। इसके अलावा उन्होंने ट्रांसजेंडरों के लिए समान आरक्षण का मुद्दा भी उठाया।

उनकी इन बातों से शिवसेना के सदस्य नाराज हो गए। उन्होंने जेन से माइक छीन लिया और उसे मंच से उतार दिया। आमंत्रित लोगों में शिवसेना की विधान पार्षद मनीषा कयांडे और पार्टी की विधायक यामिनी जाधव व अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल थे, जहां ह्यमासाहेब मीनाताई ठाकरे अचीवमेंट अवाड्र्स -2019ह्न में 12 वर्षीय जेन सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया जाना था।

एक वक्ता ने जेन को सलाह दी कि वह कई चीजों को समझने के लिहाज से अभी ह्यबहुत छोटीह्न हैं। उन्होंने कहा, 'अब यहां (राज्य में) मराठी जानना अनिवार्य है और आपको मराठी भाषा बोलनी चाहिए, क्योंकि यहां के लोग जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और उनका योगदान क्या है।' जेन ने कहा, 'उन्होंने अभिव्यक्ति के मेरे अधिकार का हनन किया है। मुझे अंग्रेजी और हिंदी, दोनों मान्यता प्राप्त भाषाओं में बोलने का अधिकार है। उन्होंने मुझे किसी भी भाषा में बात करने की अनुमति दी थी, क्योंकि मैं मराठी में कुशल नहीं हूं।' अधिवक्ता सदावर्ते ने कहा कि सार्वजनिक मंच पर अपमानजनक व्यवहार से आहत होकर जेन ने समारोह और सम्मान का बहिष्कार किया और पुलिस की सुरक्षा में वहां से चली गई। जनवरी में, जेन को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार दिया गया था। वह उस समय चर्चा में आईं, जब उन्होंने शाहीनबाग में चल रहे प्रदर्शन के दौरान ठंड से एक बच्चे की मौत के बाद प्रदर्शन स्थल पर बच्चों को प्रतिबंधित करने संबंधी पत्र भारत के प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे को लिखा था।

### भिवंडी में ईरान का प्याज, सड़ने से फैला कोरोना का डर

**भिवंडी।** दुनिया के अधिकतर देशों में कोरोना वायरस के फैलने के कारण विदेश की अनेकों वस्तुओं के आयात एवं निर्यात में उसका असर पड़ रहा है। भिवंडी में भी ईरान से आयात प्याज रखे होने से लोगों में डर पैदा हो गया है। खोनी ग्राम पंचायत स्थित आसरा होटल के पास पावरलूम के एक बंद कारखाने में तीन कंटेनर में लगभग 80 टन प्याज का भंडारण किया गया है। प्याज के सड़ने की दुर्गंध से जहां स्थानीय नागरिक परेशान हैं, वहीं ईरान से प्याज आने के कारण लोग कोरोना वायरस से भयभीत हैं। बता दें कि ईरान में कोरोना वायरस से दो सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, ईरान से लगभग एक सप्ताह पहले बड़े आकार का प्याज आया था। इसमें अंकुर निकलना शुरू हो गया है, जिसके कारण प्याज सड़ रहा है और उससे निकल रही दुर्गंध से स्थानीय नागरिक परेशान हैं। यहां के नागरिक विदेश से आए प्याज के कारण कोरोना वायरस को लेकर काफी भयभीत हैं। जानकारी लेने पर पता चला कि परेश मेहता नामक व्यापारी द्वारा ईरान से आई प्याज को मीठपाड़ा स्थित पवन सेठ के कारखाने में रखा गया था।

# महाराष्ट्र में तीन और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि, संपर्क में आए लोगों की तलाश जारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में मंगलवार को तीन और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है और ये तीनों व्यक्ति उन दो लोगों के संपर्क में आए थे, जिनमें एक दिन पहले संक्रमण की पुष्टि हुई थी। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग से जारी बयान में कहा गया है कि इसके साथ ही महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से संक्रमित मामलों की संख्या बढ़ कर पांच हो गई है।

दुबई से हाल में लौटे पुणे के एक व्यक्ति और एक महिला के नमूने सोमवार को जांच में सकारात्मक पाए गए थे। पुणे के जिला कलेक्टर नवल किशोर राम ने मंगलवार को बताया कि परिवार ने मुंबई हवाई अड्डे से पुणे तक जिस वाहन में यात्रा की, उसके वाहन चालक में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। साथ ही दंपति की बेटी संक्रमित हो गई है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार की शाम जारी बयान में कहा गया कि एक अन्य व्यक्ति में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है जो उन लोगों के साथ उसी विमान में था। बयान में कहा गया है कि तीनों मरीजों की हालत स्थिर है और लोगों से परेशान न होने की अपील की गयी है। इस बीच जिला प्रशासन ने उन लोगों की तलाश शुरू कर दी है जो शहर में इन पांच मरीजों के संपर्क में आये थे, जिनमें कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है।

मंडलायुक्त दीपक महैसेकर ने बताया कि इसके लिए एक टीम का गठन किया गया है जो उन सभी स्थानों पर जाएगी जहां ये पांचो लोग गये थे और उनके संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाएगी। इस बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पांचो मरीजों की हालत स्थिर है। इस बीच, बीड जिले में तीन लोगों को निगरानी में रखा गया है, जिन्होंने यहां के इन चार लोगों के साथ दुबई की यात्रा की थी जिनमें संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। पांच लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि होने के मद्देनजर स्थानीय सिंघड़ रोड इलाके में स्थित तीन स्कूलों ने अगले दो तीन दिन तक बंद रखने का फैसला किया है, जिनमें नांदेड़ सिटी स्कूल, पवार पब्लिक स्कूल और डीएसके स्कूल शामिल है।

## पांव पसारने की कोशिश, पहली बार मुंबई से बाहर स्थापना दिवस मना रही राज ठाकरे की एमएनएस

**मुंबई।** राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) का 14वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को मनाया जा रहा है। इसके लिए पार्टी ने पहली बार मुंबई से बाहर नवी मुंबई में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। नवी मुंबई में अगले महीने महानगरपालिका का चुनाव होना है, इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी का स्थापना दिवस समारोह नवी मुंबई में आयोजित किया गया है।

कहा जा रहा है कि इसमें पार्टी अध्यक्ष राज ठाकरे आगामी चुनावों के बारे में अहम घोषणाएं करने वाले हैं। शिवसेना और बीजेपी के अलग होने के बाद से ही बीजेपी ने एमएनएस को नजदीक लाने का प्रयास किया है। बीजेपी के कई बड़े नेता इन दिनों गाहे-बगाहे राज ठाकरे से मिलने उनके घर आते-जाते रहते हैं। हालांकि, बीजेपी नेता एमएनएस के साथ राजनीतिक गठबंधन से इनकार करते आ रहे हैं।

रविवार को राज ठाकरे के घर पर एमएनएस नेताओं की एक बैठक हुई, जिसमें सोमवार के मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों के अलावा राज्य की महाविकास आघाडी सरकार के काम-



काज पर नजर रखने के लिए एमएनएस के शैडो कैबिनेट पर भी विचार हुआ।

23 जनवरी को पार्टी के एक बड़े कार्यक्रम में पार्टी ने ऐलान किया था कि वह सरकार के मंत्रियों के काम-काज पर नजर रखने के लिए शैडो कैबिनेट बनाएगी। सूत्रों का कहना है कि रविवार की बैठक में पार्टी का कौन-सा नेता किस मंत्री के काम पर नजर रखेगा, यह तय कर लिया गया है। सोमवार को राज ठाकरे शेडो कैबिनेट का ऐलान कर सकते हैं।


## मोबाइल को लेकर हुई नोंकझोंक के बाद पत्नी को मौत के घाट उतारा

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय चेंबूर इलाके में एक व्यक्ति ने मोबाइल देने से इनकार करने पर अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।घटना रविवार दे रात एमएचएडीसी कॉलोनी में दंपत्ति के घर पर हुई जब आरोपी जेम्स जॉन कुरैर्या (51) नशे में धुत हालत में घर आया और अपनी पत्नी जेम्स कुरैर्या (45) से उसका मोबाइल फोन मांगने लगा। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पत्नी के मोबाइल फोन देने से इनकार करने पर पहले उसने गाली-गलौच की और फिर कथित रूप से किचन के चाकू से कई बार उसपर वार किया। पीड़िता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## जाली नोटों के सरगना अब छाप रहे हैं 200 रुपये के नकली नोट

**मुंबई।** जब नोटबंदी नहीं हुई थी, तब तक 500 के साथ 1000 के जाली नोट प्रिंट होते थे। नोटबंदी में जब हजार के नोट पूरी तरह बंद कर दिए गए, तो 500 के साथ 2000 के नोटों की फेक करंसी बाजार में आ गई। लेकिन जाली नोटों के सरगना अब 200 के नोट भी छाप रहे हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस सिलसिले में भास्कर मुर्गन नाटर और गोविंद वनियार नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीनियर इंस्पेक्टर निनाद सावंत ने बताया कि हमने 3 मार्च को मुंबई के अंटोप हिल उपनगर से एक टिप के बाद भास्कर के पास से कुल 1 लाख 28 हजार 600 के जाली नोट पकड़े थे। इनमें 2000, 500 के साथ 200 के नोट भी थे । भास्कर से पूछताछ के बाद पता चला कि यह तमिलनाडु में छपते हैं और मुंबई सहित देश के अन्य शहरों में सकुर्लेट




होते हैं। इसके बाद एक टीम तमिलनाडु गई।

सोमवार 9 मार्च को वहां तिरूपुथुर में गोविंद वानियार नामक आरोपी के पास से 8,83,600 रुपए के जाली नोट मिले। इस बार भी 500 के साथ 200 नोट मिले। हां, 2000 के नोटों की बरामदगी नहीं हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 200 के जाली नोटों पर कोई शक नहीं करता। फिर, यह किसी भी तरह की खरीदारी में आसानी से निकल जाते हैं, इसलिए आरोपियों ने 200 के जाली नोटों की प्रिंटिंग पर ज्यादा फोकस किया। क्राइम ब्रांच ने इनके पास से एक स्कैनर युक्त प्रिंटर, पेपर कटर, प्लास्टिक रोल और नोट बनाने वाली अन्य सामग्री जब्त की है। पिछले एक महीने में जाली नोटों से जुड़ा यह तीसरा बड़ा केस है। इससे पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के बाहर एक आरोपी के पास से 23 लाख 86 हजार के जाली नोट पकड़े थे। वह इन्हें दुबई से लाया था। दो दिन पहले भी तीन आरोपियों के पास से कई लाख के जाली नोट मिले थे। इनमें से एक लियो जार्ज ने दो साल पहले दक्षिण की एक अभिनेत्री के केरल के बंगले में जाली नोटों की फैक्ट्री खोली थी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई में धड़ल्ले से चल रहा है एसबीयूटी का गैरकानूनी प्रोजेक्ट

## दै. मुंबई हलचल इस पूरे मामले की जड़ तक जाकर इस मामले का पर्दाफाश करेगा और इसकी सच्चाई पूरे दस्तावेज के साथ जनता के सामने लायेगी




EXCLUSIVE Mumbai Halchal EXCLUSIVE

**मुंबई हाईकोर्ट में एडवोकेट शाने इलाही तुर्की और रहिवासी मुर्तुजा गुलाम रशूल शेख ने की याचिका दायर और इनके एडवोकेट सीनियर काउंसिल मोहित जाधव द्वारा याचिका फाईल की गयी है**

**संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के दक्षिण इलाके में सैफी बुरहानी अपलिफ्टमेंट ट्रस्ट SBUT का एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है। इस प्रोजेक्ट में बोहरा कमेटी के लोंगो के लिए मजिस्द और रहने के लिए बिल्डिंग बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट के चलते इन लोगों ने रोजा ताहेरा इस्टेट, धरम्शी इस्ट्रीट, सय्यद अब्दुल हाशमी इस्ट्रीट और धरम्शी क्रास रोड को गैरकानूनी तरीके से बंद कर दिया है। इस मामले में अब तक मुंबई हाईकोर्ट या कहीं पर भी इसकी तकरार नही दी गयी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एडवोकेट शाने इलाही तुर्की और रहिवासी मुर्तुजा गुलाम रशूल शेख ने इस मामले मुंबई हाईकोर्ट में याचिका दायर की है और इनके एडवोकेट हैं सीनियर काउंसिल मोहित जाधव और यह याचिका मोहित जाधव द्वारा फाईल की गयी है, जिसकी लाजिंग ओ.एस.14/पीआईएल 2020 है, इसमे शिकायतकर्ता वहां के रहिवासी मुर्तुजा गुलाम रशूल शेख का कहना है, कि वह इस मामले की तकरार लेकर कहीं भी जाते तो वहां उनकी बिल्कुल भी सुनवाई नही की जाती ऐसा लगता है, कि पुलिस और बीएमसी कि इस मामले में मिलीभगत है, कुछ समय पहले वहां के रहिवासीयों ने मुंबई हाईकोर्ट ने इस मामले मे याचिका दायर की थी, पर वो याचिका कहां गयी उसका कुछ भी पता नहीं चला है। अब सवाल यह है, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ऐसे गैरकानूनी प्रोजेक्ट को कैसे अनुमति दे रहे है, या फिर इस गैरकानूनी प्रोजेक्ट





में सरकारी अधिकारियों का हिस्सा शामिल है। सूत्रों के मुताबिक यहां काम करने कि अनुमति सिर्फ दिन में है, प्ररंतु यहां रात-दिन काम चलता रहता है, एडवोकेट शानेइलाही तुर्की का कहना है, कि उन्होने इस मामले में बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। आखिर महाराष्ट्र सरकार ऐसे गैरकानूनी चल रहे प्रोजेक्ट पर सर्जिकल स्ट्राइक क्यों नही करती है।

## भारत में बढ़े कोरोना के केस, लोगों ने कैंसल कराए ट्रेन टिकट, फ्लाइट्स भी प्रभावित

**मुंबई।** भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों ने फ्लाइट और ट्रेन से की जाने वाली घरेलू यात्राओं को बुरी तरह से प्रभावित किया है। जहां हवाई जहाज महज कुछ यात्रियों के साथ उड़ान भर रहे हैं वहीं, लोग ट्रेन के टिकट भी कैंसल करा रहे हैं। लोग हवाई यात्रा करने से बच रहे हैं, जिसकी वजह से किराए में भी कटौती दर्ज की गई है। अगले 24 घंटे में जिन फ्लाइट्स को प्रस्थान करना है उनके किराए में भी गिरावट देखी जा रही है।

मंगलवार को मुंबई-दिल्ली की बुधवार को यात्रा के लिए रिटर्न टिकट की शुरूआत 5 हजार रुपये से थी। औसतन देखा जाए तो एक तरह का किराया महज 2500 रुपये था। एक ट्रैवल एजेंट ने बताया कि वह दो हफ्तों से सिर्फ टिकट ही कैंसल कर रहे हैं। उनका कहना है, 'ऑफ सीजन में भी मुंबई-दिल्ली की फ्लाइट्स की भारी मांग होती है। लास्ट मिनट में जितने दाम अब गिर रहे हैं, उतनी तो गिरावट कभी नहीं दर्ज की गई।' पिछले हफ्ते मुंबई-दिल्ली की आवाजाही की टिकट 24 घंटे पूर्व महज 8 हजार रुपये में मिल रही थीं। एजेंट का कहना है, 'एक सप्ताह के भीतर कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जिसको देखते हुए लगता है कि फ्लाइट्स की टिकटों की मांग में कमी आई है।' अब गौर करते हैं मुंबई-कोच्चि रूट की।

## कोरोना को रोकने के लिए आठवले ने लगाए 'गो-कोरोना, गो कोरोना' के नारे, ट्विटर पर हो रहे ट्रोल

**मुंबई।** अक्सर अपनी कविताओं और बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का एक विडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस विडियो में आठवले एक कैंडल मार्च के दौरान गो-कोरोना, गो-कोरोना के नारे लगाते दिखे। इस विडियो के सोशल साइट्स पर वायरल होने के बाद लोगों ने आठवले को खूब ट्रोल किया।

बताया जा रहा है कि आठवले हाल ही में मुंबई में कोरोना को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए एक कैंडल मार्च में हिस्सा लेने आए थे। इसी दौरान उन्होंने मीडिया के कैमरों के सामने गो-कोरोना, गो कोरोना का नारा लगाया। कुछ वक्त बाद जब आठवले का यह विडियो सोशल



साइट्स पर अपलोड हुआ तो लोगों ने इसे लेकर उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। देखें विडियो:

आठवले का यह विडियो उस वक्त आया है, जबकि देश में कोरोना वायरस के संक्रमण के 40 से अधिक केस सामने आ चुके हैं। देशभर में कोरोना वायरस की दहशत के बीच सार्वजनिक कार्यक्रम निरस्त हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आठवले के इस विडियो के ट्विटर पर वायरल होने के बाद कई यूजर्स ने उनसे पूछा है कि क्या कोरोना के वायरस को अंग्रेजी आती है जो वह आठवले के गो-कोरोना कहने से भारत से चला जाएगा। वहीं कई लोगों ने सरकार से कोरोना को रोकने के प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की है।

### पैसा देने से मना किया तो व्यक्ति ने दोस्त का काटा कान

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो लोगों ने अपने बस कंडक्टर दोस्त से होली के लिए पैसे मांगे लेकिन जब उसने मना किया तो दोनों ने उस पर हमला कर दिया।

# कोरोना वायरस: महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर पांच हुई, दो नए केस पॉजिटिव आए

**संवाददाता**

**पुणे।** कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों की संख्या महाराष्ट्र में बढ़कर अब पांच हो गई है। मंगलवार को दुबई से एक युवती और ड्राइवर में संक्रमण की पुष्टि हुई है। युवती पहले से पीड़ित एक दंपती की बेटी है। इसके अलावा दुबई से लौटा यवतमाल का एक शख्स भी इससे पीड़ित हुआ है। सभी पुणे के नायडू हॉस्पिटल में भर्ती हैं। जांच में सामने आया है कि ये सभी एक मार्च को दुबई से मुंबई लौटे थे। जिला कलेक्टर नवल किशोर राम ने मंगलवार को कहा कि सभी पांचों का स्वास्थ्य स्थिर है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि उन्हें बुखार, गले में खराश और सिरदर्द है लेकिन वे ठीक हो रहे हैं। 27 वर्षीय युवती सिंहगढ़ रोड इलाके की रहने वाली है और 43 वर्षीय कैब चालक पुणे के मंजरी बुद्रुक का रहने



वाला है। ड्राइवर अपनी कार में युवती को लेकर उनके घर छोड़ने गया था। जबकि एक अन्य शख्स इसी कार में बैठा एक सहयात्री है। पांच मामलों के सामने आने के बाद जिलाधिकारी नवल किशोर राम ने कहा, 'हम लोगों से कहेंगे कि सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचे। जिला प्रशासन ने सार्वजनिक कार्यक्रमों को आयोजित करने वालों के लिए एडवाइजरी जारी की है। अगर वे इसका उल्लंघन करेंगे तो उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि वे सिनेमाघरों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें।अगर किसी में खांसी, बुखार या जुखाम जैसे कोई लक्षण नजर आ रहे हैं तो वे तुरंत सम्बंधित हॉस्पिटल में संपर्क करें। पुणे में 21 स्थानों पर 207 बेड कोरोना पीड़ितों के लिए तैयार किए हैं।

**दुबई से लौटे अन्य 36 यात्री के टेस्ट निगेटिव:** राज्य निगरानी अधिकारी प्रदीप आवटे ने बताया कि 40 सदस्यों के दलों में शामिल अन्य 36 लोगों की जांच भी की गई है। किसी में कोरोना के लक्षण नहीं मिले हैं। ये सभी एक मार्च को मुंबई लौटे थे। फिलहाल सभी पर निगरानी रखी जा रही है। इनमें से 3 कर्णाटक के बेलगावी के रहने वाले हैं। अन्य मुंबई, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, ठाणे, अहमदनगर, बीड, नागपुर, रायगढ़ और यवतमाल के रहने वाले हैं।

**मुंबई के रहने वाले 6 लोगों की जांच जारी:** पुणे में जिन दो लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है, उनके संपर्क में मुंबई के भी 6 लोग आए हैं। इन 6 लोगों को खोजकर उन्हें तत्काल बीएमसी के कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती किया गया। इनकी जांच जारी है और बुधवार को रिपोर्ट आएगी। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग की कार्यकारी अधिकारी डॉ. पद्मजा केसकर ने कहा, ह्यसरकारी निर्देश के अनुसार, पॉजिटिव मामलों के संपर्क में आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग और जांच जरूरी है।

# कोरोना वायरस से निपटने के लिए विपक्ष सरकार की मदद को तैयार: देवेन्द्र फडणवीस

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस से निपटने में विपक्ष राज्य सरकार की मदद करेगा। भाजपा नेता ने लोगों को वायरस को लेकर चिंतित ना होने की जरूरत पर भी जोर दिया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने विधान भवन परिसर में कहा, कोरोना वायरस के मद्देनजर हम सबको सतर्क रहने की जरूरत है। लेकिन इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने की भी जरूरत है कि तनाव उत्पन्न ना हो। विपक्ष इस संबंध में सरकार की मदद करेगा।



इससे पहले राज्य विधानसभा में फडणवीस ने ठाणे जिले के भिवंडी में खुले स्थान में करीब एक लाख इस्तेमाल किए मास्क मिलने का मुद्दा भी उठाया था। फडणवीस ने दावा किया था कि इस्तेमाल किए गए ये मास्क स्थानीय बाजार में बेचने के लिए दूसरे देशों से लाए गए और उन्हें धो कर बेचा गया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की थी। अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार को इस संबंध में जांच करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की थी। गौरतलब है कि देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 60 हो गई है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## एमपी के बाद महाराष्ट्र?

पवार साहब ने सभी विधायकों की एक बैठक बुलाई। पार्टी की ओर से इस तरह के खेल से इनकार किया गया है। राज्य की राजनीतिक स्थिति पर शिवसेना सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने बुधवार को कहा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी जी के बीच में अच्छा सामंजस्य है। राज्य में कोई संकट नहीं है, सब ठीक चल रहा है। अगर कोई सपना देखना चाहता है, तो सपना देखने पर कोई टैक्स नहीं लगता। महाराष्ट्र में मध्यप्रदेश का कोई भी वायरस नहीं घुसाने वाला। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में ऑपरेशन कमल का प्रयोग किया गया था, एक सरकार बनी थी 2 दिनों के लिए। इसके बाद महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी और चल रही है। मध्य प्रदेश में राजनीतिक घटनाक्रम के बीच राउत ने कहा कि महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। शिवसेना नेता ने मराठी में ट्वीट किया, 'मध्य प्रदेश वायरस महाराष्ट्र में नहीं घुसेगा। महाराष्ट्र की सत्ता अलग है। 100 दिन पहले एक अभियान विफल हो गया था। महा विकास अघाड़ी ने बाईपास सर्जरी की और महाराष्ट्र को बचाया। महाराष्ट्र में एकदम विपरीत विचारधारा वाली पार्टियां साथ आई हैं। हिंदुत्व की विचारधारा वाली शिवसेना और सेक्युलर विचारधारा वाली कांग्रेस ने एनसीपी के सहयोग से सरकार बनाई है। कई मुद्दों पर सरकार के भीतर भी विरोधाभास सामने आता रहा है इसलिए ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह सरकार ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली है।

## कोरोना का डर

महाराष्ट्र सरकार आज अपनी कैबिनेट मीटिंग में आईपीएल के मैचों को अपने राज्य से स्थगित करने पर फैसला लेगी। इस बार 29 मार्च को शुरू हो रहे आईपीएल की शुरूआत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम से ही होनी है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस कोविड-19 के 5 मामलों की पुष्टि के बाद सरकार ने इस लीग के आयोजन पर विचार करने का फैसला किया है। आज होने वाली कैबिनेट मीटिंग में राज्य में शेड्यूल आईपीएल मैचों के स्थगन को लेकर चर्चा की जाएगी। महाराष्ट्र में आईपीएल की एक प्रमुख फ्रैंचाइजी मुंबई इंडियंस को 7 मैचों की मेजबानी मुंबई शहर में ही करनी है। इसके अलावा टूर्नामेंट का फाइनल (महाराष्ट्र में 8वां आईपीएल मैच) भी मुंबई में आयोजित होना है। राज्य सरकार कोरोना से बचाव को लेकर सख्त रहना चाहती है और ऐसे में वह इन मैचों के स्थगन पर विचार करने जा रही है। इससे पहले आईपीएल को आयोजन को लेकर मीडिया ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली और अन्य अधिकारियों से सवाल किए थे। तब बीसीसीआई की ओर से कहा गया था कि उसके अधिकारी इस पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। लेकिन देश में इस वायरस के चलते बीसीसीआई को अभी ऐसी स्थिति नहीं लगती, जिससे यह टूर्नामेंट स्थगित करना पड़े।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस...

उन्होंने लोगों से भीड़भाड़ वाली जगहों, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों से बचने की अपील की। ठाकरे ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह ली जानी चाहिए और ग्राम सभाओं को गांवों में इस कोरोनावायरस के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि जरूरत पड़ने पर पुणे के समीप पिंपरी चिंचवाड के अस्पताल में पृथक केंद्र की भी व्यवस्था की जाए। फिलहाल केवल पुणे के नायडू अस्पताल में पृथक सुविधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मेडिकल उपकरणों को खरीदने की जरूरत है, उन्हें जिला नियोजन कोष से खरीदा जाना चाहिए। पुणे से प्राप्त समाचार के अनुसार जिला प्रशासन ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस के पांच मरीजों से प्रथम संपर्क में आये 43 व्यक्तियों से संपर्क कर उनके घरों में उनकी निगरानी की जा रही है। अब तक महाराष्ट्र में पांच लोग कोविड परीक्षण में पोजिटिव पाये गये हैं। सभी सत्यापित मामले पुणे के हैं। पुणे जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक नगर निकाय के नायडू अस्पताल में 17 लोग भर्ती कराये गये हैं जो कोरोना वायरस के मामलों के उपचार के लिए निर्धारित सरकारी चिकित्सा सुविधा केंद्र हैं। संभागीय आयुक्त दीपक म्हासेकर ने कहा, इन 17 लोगों में से पांच पोजिटिव हैं, दो व्यक्तियों की रिपोर्ट बेनतीजा रही और बाकी दस के नमूने के परिणाम का इंतजार है।











➤ द ह्यूमन योगा फाउंडेशन के सभी सायकल राइडर के साथ योग गुरु राधेश्याम जयसवार।

# 'आर्टिस्त्री 2020' महोत्सव में 500 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया




**'आर्टिस्त्री 2020'** के ग्रैंड फाइनल की शाम को, गायिका मौली दवे समेत परफॉर्मिंग आर्ट्स श्रेणी के 40 फाइनलिस्ट ने 7 मार्च,2020 को हुए आयोजन में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को सम्मोहित कर लिया। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिभा का सम्मान करने के उद्देश्य से ग्रोवल 101 मॉल ने 'आर्टिस्त्री २०२०' फेस्ट के 7 वें संस्करण का आयोजन 5 मार्च से 8 मार्च 2020 तक किया। 'आर्टिस्त्री २०२०' महोत्सव में 500 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। 'आर्टिस्त्री' विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करती है, जिन्होंने सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया है और उन्हें एक ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है जहां वह कला और हस्तशिल्प, गार्डनिंग, परफार्मिंग आर्ट्स, पाक कला आदि क्षेत्रों का प्रदर्शन कर सकें। इस फेस्ट (उत्सव) में दर्शकों ने 190 प्रतिभा सम्पन्न महिलाओं का चयन किया था जिन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला। आरती स्त्री 2020 की शुरूआत महिलाओं के लिए चार विशेष कार्यशालाओं से हुयी - न्यूट्रिशन, स्किन केयर,आर्ट (कला) और सारी ड्रेपिंग।

इसके अलावा आर्ट एंड फूड एक्सहिबिशन (कला और खाद्य प्रदर्शनी) के लिए चयनित महिलाओं ने 6 से 8 मार्च 2020 तक अपने 35 आर्ट स्टाल और 15 से अधिक फूड स्टाल लगाए। सभी श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया और उन्हें आरती स्त्री की उपाधियाँ जैसे, क्वीन ऑफ एनवायरनमेंट, क्वीन ऑफ सोशल साइंसेज, क्वीन ऑफ आर्ट,क्वीन ऑफ किसिन्स और क्वीन ऑफ पर्फॉर्मन्सेस, प्रदान की गईं। ग्रोवल 101 मॉल समाज में बेहतर काम करने के लिए समर्पित है और अपने कार्यक्षेत्र को सुन्दर बनाने के लिए प्रयासरत भी। कई वर्षों से ग्रोवल 101 मॉल अनेक ढंग के सामाजिक क्रियाकलाप करने में व्यस्त है, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को पर्यावरण से सम्बंधित मास्क का वितरण करना, एसजीएनपी के आदिवासी निवासियों को सोलर लैंप का वितरण करना, घुमंतू कुत्तों के कल्याण के लिए कार्यशाला का आयोजन करना और मॉल के प्रवेश द्वारों के सामने दिखने वाले फ्लाईओवर का सुंदरीकरण करना, जैसे कुछ प्रमुख कार्य हैं।

# उल्लू एप की टीम ने दूसरा होली उत्सव धूमधाम से मनाया





**इस** बार कोरोना वायरस के खौफ ने होली महोत्सव के रंग को फीका कर दिया। फिर भी उल्लू एप के संस्थापक अध्यक्ष विभु अग्रवाल ने अपने मुम्बई ऑफिस में पिछले साल की तरह एक भव्य होली पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर आमंत्रित बॉलीवुड के मशहूर हस्तियों सहित उल्लू की आधिकारिक टीम और मेहमानों ने पार्टी को अधिक उत्साहजनक और ज्वलंत बना दिया। अतिथियों में रिधिमा तिवारी, खुशी मुखर्जी, अमन उपाध्याय, प्रतिमा काजमी, गहना वशिष्ठ, अंकित भाटिया, अजाज खान, दिलीप सेन, दीपिका सिंह गोयल, इकबाल खान, प्रियल गोयल, साजन अग्रवाल, यूसुफ हुसैन, शरहान सिंह, नैना छाबड़ा सहित कई लोग शामिल थे। इस रंगोत्सव में रंग, गुजिया और थंडाई, पानी से भरे गुब्बारों ने सभी को



आनंदित कर दिया। आमंत्रित मेहमानों ने एक-दूसरे के चेहरे पर 'गुलाल' और 'अबीर' लगाया और 'बूरा न मानो होली है' की भावना के साथ सभी गले मिले। इसके अलावा बॉलीवुड के सुपरहिट होली गीत 'रंग बरसे, होली खेले रघुबीरा और बलम पिचकारी' में लोग जमकर डांस किये। उल्लू एप के संचालक विभु अग्रवाल ने कहा कि होली को भाईचारे और एकता का त्योहार माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्यार और उमंग का प्रतीक होने वाला यह रंगीन त्यौहार, हमारे प्रियजनों के साथ जुड़ने का एक मौका देता है और एक नए जीवन का नेतृत्व करने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने इस उत्सव में शामिल सभी मेहमानों का धन्यवाद कहा और एक नई ऊर्जा के साथ यह आयोजन समाप्त हुआ।

## कोरोनावायरस: देश में 62 मामले: कर्नाटक में एक संदिग्ध की मौत



**जयपुर** में बुधवार को कोरोनावायरस का एक और केस सामने आया। यहां इटली के 16 नागरिकों और उनके ड्राइवर को मिलाकर अब तक 18 मामलों की पुष्टि हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, देश में संक्रमण के कुल 62 मामले हो गए हैं। हालांकि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 52 मामलों की पुष्टि की है। उधर, कर्नाटक के एक संदिग्ध मरीज की हैदराबाद के निजी अस्पताल में मौत हो गई। अगर उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो देश में इस बीमारी से मौत का यह पहला मामला होगा। वहीं, केरल में एक 85 साल की बुजुर्ग संक्रमित महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं, महिला के 96 साल के पति की हालत स्थिर है। वे एक कोरोनोवायरस से संक्रमित व्यक्ति के माता-पिता हैं, जो 29 फरवरी को अपनी पत्नी और 24 वर्षीय बेटे के साथ इटली से लौटे थे। जानकारी के मुताबिक, संक्रमित मरीज को सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी और बेटे को भी आइसोलेशन में रखा गया है। ये परिवार स्पाइस जेट की फ्लाइट से जयपुर पहुंचा था। अब फ्लाइट के सभी यात्रियों को ट्रेस किया जा रहा है। साथ ही परिवार के बाकी लोगों की भी स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया का विमान बुधवार को 83 नागरिकों को लेकर इटली के मिलान से नई दिल्ली पहुंचा। सभी यात्रियों को हरियाणा में मानेसर के सैन्य कैंप में निगरानी में रखा गया है।

### राज्यसभा में नित्यानंद राय बोले...

# एनआरसी पर फैसला नहीं, असम के डिटेंशन सेंटर में 802 लोग बंद



संवाददाता

**देश** में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लेकर हो रहे विरोध के बीच सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में बयान दिया। सरकार ने लिखित जवाब में बताया कि असम में बने डिटेंशन सेंटर में 802 लोग इस समय बंद हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने ये जानकारी दी। उन्होंने 6 मार्च, 2020 तक की ये जानकारी दी है। उन्होंने ये भी बताया कि देशभर में एनआरसी लागू करने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। एक अन्य सवाल के जवाब में नित्यानंद राय ने बताया है कि बीते पांच साल में सरकार ने 14864 बांग्लादेशी लोगों को नागरिकता दी है। राज्यसभा में लिखित जवाब में उन्होंने बताया है कि 2015 में भारत-बांग्लादेश के बीच हुए सीमा समझौते के बाद 14864 बांग्लादेशी लोगों को नागरिकता दी गई है। बता दें कि असम में एनआरसी के तहत बाहर हुए लोगों का मसला चर्चा में रहा है। असम में 2019 में एनआरसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। एनआरसी में 19 लाख लोगों के नाम नहीं आए थे। असम में डिटेंशन सेंटर्स को लेकर भी सवाल लगातार उठते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी भाषण में कहा था कि असम में कोई डिंटेशन सेंटर नहीं है, हालांकि बाद में सरकार ने जानकारी दी थी कि असम में डिटेंशन सेंटर हैं।

## करीब 19 लाख लोग किए गए थे बाहर

**एनआरसी की फाइनल लिस्ट को पिछले साल 31 अगस्त को जारी किया गया था, जिसमें 19,06,657 लोगों को बाहर कर दिया गया था। एनआरसी के दौरान 3,30,27,661 लोगों ने नागरिकता के लिए आवेदन किया था, जिसमें से 3,11,21,004 लोगों के नाम उस लिस्ट में शामिल किए गए थे।**

# भाजपा में महाराज

## कांग्रेस छोड़ने के 27 घंटे बाद सिंधिया भाजपा में आए

### ...कहा- कांग्रेस के जरिए जनसेवा संभव नहीं, यहां नई सोच को मान्यता नहीं मिलती

**कांग्रेस** छोड़ने के करीब 27 घंटे बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार दोपहर 2.50 बजे भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की तीन वजहें बताईं। पहली वास्तविकता से इनकार करना, दूसरा जड़ता का माहौल और तीसरा नई सोच और नए नेतृत्व को मान्यता न दिया जाना। ज्योतिरादित्य ने 10 मिनट स्पीच दी। इसमें 4 बार मोदी का नाम लिया, लेकिन मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र तक नहीं किया। उन्होंने कमलनाथ सरकार पर वादाखिलाफी, ट्रांसफर उद्योग चलाने के आरोप लगाए और कहा कि 18 महीनों में उनके सारे सपने बिखर गए। सिंधिया ने कहा कि उनके जीवन की दो अहम तारीखें हैं। पहली 30 सितंबर 2001 जब उनके पिता की मृत्यु हुई और दूसरी 10 मार्च 2020 जब उन्होंने अपने जीवन का अहम फैसला यानी कांग्रेस छोड़ने का फैसला लिया। इसी बीच, भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी बनाया। ज्योतिरादित्य थोड़ी ही देर



में भोपाल के लिए रवाना होंगे। वे यहां शुक्रवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। शुक्रवार को ही राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किए जाने की आखिरी तारीख भी है।

**सत्र के बाद सिंधिया को मंत्री बनाया जाएगा:** सिंधिया ने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। अब सिंधिया को राज्यसभा भेजे जाने की तैयारी है। इसकी घोषणा भी बुधवार को दिल्ली में होगी। सत्र के बाद सिंधिया को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। कमलनाथ सरकार के 6 मंत्रियों समेत 22 विधायकों ने सिंधिया के इस्तीफे की खबर लगते ही कांग्रेस को अलविदा कह दिया था। सूत्र बता रहे हैं कि इस्तीफा देने वाले सिंधिया समर्थक विधायकों में से 5 से 7 को मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद मंत्री पद दिया जा सकता है।

**राहुल का ट्वीट:** सिंधिया के इस्तीफे के करीब 24 घंटे बाद राहुल गांधी ने ट्वीट किया- जब आप (मोदी सरकार) कांग्रेस की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने में व्यस्त हैं, तब यह देखने में चूक गए कि दुनिया में तेल की कीमतों में 35% की गिरावट आई है। क्या आप पेट्रोल की कीमतों को 60 रुपए प्रति लीटर कर देश के लोगों को राहत दे सकते हैं? इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# चार साल बाद करीब आए चाचा-भतीजा, होली पर अखिलेश यादव ने छुए शिवपाल यादव के पैर

**सैफई।** समाजवादी पार्टी में चाचा-भतीजे का झगड़ा जगजाहिर है। विवाद इतना बढ़ा कि चाचा शिवपाल यादव ने अपनी नई पार्टी बना ली और अखिलेश यादव से किनारा कर लिया। लगभग चार साल बाद होली के मौके पर मुलायम सिंह यादव का यह परिवार एकबार फिर से इकट्ठा हुआ। इस मौके पर ऐसा लगा कि सारे गिले-शिकवे दूर हो गए। अपने पैतृक गांव में अखिलेश यादव ने भी आगे बढ़कर चाचा शिवपाल के पैर छू लिए और समर्थकों ने नारा लगाया- 'अखिलेश भइया, शिवपाला चाचा जिंदाबाद।'

इस होली के लगभग चार साल पहले ही परिवार



के ये चार बड़े नेता अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, राम गोपाल यादव और शिवपाल यादव, एक मंच पर आए थे। सैफई में इस बार की होली इसी वजह से खास रही कि परिवार के सब लोग साथ आए। इससे पहले शिवपाल यादव भी कई बार कह चुके हैं कि वह अखिलेश यादव के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं।

यह विवाद 2016 में शुरू हुआ था। पार्टी पर एकाधिकार को लेकर शिवपाल और अखिलेश यादव के झगड़े ने खूब किरकिरी कराई। 2017 में अखिलेश यादव को सत्ता भी गंवानी पड़ी। 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले शिवपाल यादव ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के नाम से अपनी पार्टी भी बना ली। शिवपाल की पार्टी ने लोकसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन उसे कोई भी सफलता हासिल नहीं हुई।

इस साल की होली से पहले पिछले कुछ सालों में सैफई की होली फीकी रही थी। कारण था कि अखिलेश यादव और शिवपाल यादव अलग-अलग होली मनाते आ रहे थे। लेकिन इस साल अखिलेश यादव के घर पर हुए होली मिलन समारोह में शिवपाल यादव भी पहुंचे। शिवपाल को अपने घर आया देख अखिलेश ने मौका नहीं गंवाया और सबके सामने ही उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। चाचा-भतीजे का यह मिलन देखकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जोश में आ गए और 'अखिलेश भइया, शिवपाला चाचा जिंदाबाद' के नारे लगाने लगे।

# दिल्ली हिंसाः फायरिंग करने वाले शाहरुख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी को हुई हिंसा के दौरान पुलिस कॉन्स्टेबल पर पिस्तौल तानने और फायरिंग करने वाले शाहरुख पठान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मंगलवार को तीन दिन की कस्टडी खत्म होने के बाद शाहरुख को कड़कड़डूमा कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शाहरुख को यूपी के शामली से गिरफ्तार किया गया था। शाहरुख ने दंगे के दौरान दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल दीपक दहिया पर पिस्टल तानी थी और कई राउंड फायरिंग की थी। जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

शाहरुख दिल्ली के थाना उस्मानपुर का रहने वाला है। दिल्ली हिंसा के दौरान पिस्तौल लहराने के बाद से वह फरार था। बाद में उसकी गिरफ्तारी शामली से हुई। वहीं कस्टडी के दौरान क्राइम ब्रांच ने उससे पूछताछ में कई अहम जानकारियां हासिल



हुई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान शाहरुख की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच एसआईटी ने घटना में उसकी इस्तेमाल की गई अवैध पिस्तौल जब्त कर ली थी। हालांकि, घटना वाले दिन शाहरुख के पास मौजूद 1-2 जिंदा कारतूस नहीं मिले थे। इससे पहले पुलिस को घटनास्थल से शाहरुख की पिस्तौल से चलाई गई गोलियों के खोखे मिलने की बात सामने आई थी।

जांच में ये भी खुलासा हुआ है कि शाहरुख ने दिल्ली हिंसा के दौरान जिस पिस्टल का इस्तेमाल किया, उसका बिहार के मुंगेर से कनेक्शन था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, शाहरुख की इस्तेमाल की हुई पिस्तौल 7.65 बोर की है और मुंगेर में बनी है। एसीपी क्राइम ब्रांच अजित कुमार सिंगला ने बताया था कि शाहरुख पठान ने दिल्ली हिंसा के दौरान जो पिस्तौल पुलिसकर्मी के सामने लहराई थी वो उसने करीब दो साल पहली ही खरीदी थी।

मुंगेर में हथियारों की फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी से उसने ये पिस्तौल खरीदी थी। एसीपी क्राइम ब्रांच के मुताबिक, जांच अधिकारी उस शख्स की तलाश में जुटे हुए हैं जिसने शाहरुख को ये पिस्तौल मुहैया कराई थी। उस शख्स की गिरफ्तारी से शाहरुख के मुंगेर जिले के अवैध हथियार डीलरों से संबंधों का खुलासा हो सकता है।

## कोरोना वायरस के लिए 3534 यात्रियों की एक दिन में हुई जांचः दिल्ली सरकार



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने बताया है कि कोरोना वायरस से प्रभावित देशों से मंगलवार को यहां आए 3534 यात्रियों की जांच की गई। दिल्ली सरकार की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया कि दक्षिण पूर्वी दिल्ली के रहने वाले एक व्यक्ति में लेह में वायरस की पुष्टि हुई है। अब तक कोरोना वायरस से प्रभावित देशों से आने वाले एक लाख 53 हजार 417 यात्रियों की दिल्ली हवाई अड्डे पर जांच की जा चुकी है। चीन से शुरू हुए इस घातक वायरस से 100 से ज्यादा देश प्रभावित हैं। वहीं, 3500 से ज्यादा लोग इस वारयस के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।

# होली के दिन पटना में जेडीयू से जुड़े छात्रनेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में होली के दिन एक छात्रनेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पटना के शास्त्री नगर इलाके में हुई घटना के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस मृत छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर केस की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पटना के एएन कॉलेज का छात्र कन्हैया कौशिक यहां सत्तारुढ़ जेडीयू से जुड़ा हुआ था। मंगलवार शाम करीब 8 बजे वह अपने साथियों देव और चंदन से मुलाकात के लिए पहुंचा था। इसी दौरान कन्हैया के एक परीचित छात्र ने वहां आकर सभी से मुलाकात की। उक्त छात्र ने कन्हैया से किसी बात पर बहस शुरू कर दी, जिसके बाद इलाके में गोलीबारी हुई।

घटना में कन्हैया और चंदन घायल हो गए, जिसके बाद उनके साथी देव ने सभी को पारस अस्पताल पहुंचाया। पारस अस्पताल में कन्हैया को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं हाथ



में गोली लगने के बाद चंदन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंदन की हालत स्थिर बनी हुई है।

इस हत्याकांड के बाद जेडीयू के एमएलसी रणवीर नंदन भी पारस अस्पताल पहुंचे। रणवीर नंदन के मुताबिक वारदात के पीछे पुरानी रंजिश हो सकती है। वहीं पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है।

## घरेलू हिंसा की शिकायतों का 112 मुख्यालय रखेगा ब्योरा

**लखनऊ।** घरेलू हिंसा से जुड़ी शिकायतों पर पुलिस विशेष रेस्पॉन्स देगी। जिन पीड़िताओं के बार-बार कॉल आएंगे उनका 112 मुख्यालय में रेकॉर्ड रखा जाएगा। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं की शिकायत पर प्रबल प्रतिक्रिया देने का अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत शिकायतकर्ता महिलाओं का विवरण, समस्या, जीपीएस लोकेशन का रेकॉर्ड रखा जाएगा, ताकि दोबारा कॉल करने पर उनका ब्योरा तुरंत सामने आ जाए। वहीं, महिला हिंसा की शिकायत मिलने पर नजदीकी पीआरवी व महिला पीआरवी को मौके पर भेजा जाएगा। सिटी कंट्रोल रूम जरूरत के मुताबिक थाने या महिला थाने के स्टाफ को भेजेगा। 112 के सॉफ्टवेयर में घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी फीड की जाएगी। जिला स्तर पर वन स्टॉप सेंटर व 181 के प्रतिक्रिया वाहन सेवा की भी मदद ली जाएगी।

डीजीपी ने एडीजी 112 असीम अरुण का इस




अभियान का प्रभारी बनाया है। यूपी 112 पर 5,298 महिलाओं ने घरेलू हिंसा के खिलाफ दो या इससे अधिक बार कॉल की है। वह रोजाना अभियान की समीक्षा करेंगे।

# खूबसूरती के साथ अपनी शानदार कला के लिए भी दुनियाभर में मशहूर है कच्छ के ये दो गांव

गुजरात के अनुठेपन को खास बनाता है कच्छ जिला। विश्वप्रसिद्ध रण-उत्सव में इसी खूबसूरती को पेश किया जाता है। लेकिन और भी कुछ खास चीजें है यहां जिनसे शायद आप वाकिफ न हों जानें यहां।

गुजरात के कच्छ के एक गांव भुजोड़ी में 500 से अधिक सालों से वानकर बुनकरों का घर है। यहां सदियों से ऊनी और सूती दोनों प्रकार के हथकरघा पर बनाए जाते हैं। यह गांव आज भी कच्छ क्षेत्र के कारीगरों और घुमंतू लोगों के बीच प्राचीन सामंज्यपूर्ण संबंध और सह अस्तित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इनके द्वारा बनाए गए भेड़ की ऊन के मोटे कंबल और शाल बहुत गरम होते हैं।

**भुजोड़ी गांव के ब्लॉक-प्रिंट कपड़े हैं दुनियाभर में मशहूर**

भुजोड़ी गांव नाम से भले ही गांव है, लेकिन अपनी पहचान पूरी दुनिया में बना चुका है। यहां हाल ही में बनाया गया वंदे मातरम मेमोरियल एक ऐसा संग्रहालय है, जिसमें ब्रिटिश राज से लेकर आजादी तक की यात्रा बहुत ही सजीव रूप में दिखाई जाती है। यह पूरी यात्रा आधुनिक 4डी तकनीक के जरिए यहां बने भवन के 17 शानदार कमरों में प्रत्यक्ष रूप से महसूस की जा सकती है। संसद भवन की डिजाइन वाला यह संग्रहालय 12 एकड़ में बना है।

भुजोड़ी में मात्र 7 किमी दूर दक्षिण में एक छोटा सा कस्बा है अजरखपुर। यहां 16वीं शताब्दी से ब्लाक प्रिंट का काम करने वाले मुस्लिम खत्री समाज के लोग रहते हैं। इनके द्वारा प्राकृतिक रंग से तैयार ब्लॉक-प्रिंट कपड़े पूरी दनिया में पसंद किए जाते हैं।



**'कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में' की शूटिंग वाला होडका गांव**

होडका वही गांव है, जहां अमिताभ बच्चन के 'कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में' का चर्चित वीडियो शूट किया था। यहां पर कच्छ की संस्कृति से सैलानियों को रूबरू करवाने के लिए मिट्टी के गोल घर बनाए गए हैं। इनका रखरखाव यहां के ग्रामीण लोगों के हाथों में है। यहां रहकर आप मिट्टी के शीशे की मीनाकारी वर्क के डेकोरेशन वाले घर में रह सकते हैं। यहां से आप आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार किए गए नफीस कशीदाकारी के कपड़े, चादरें, तोरण आदि भी खरीद सकते हैं।

**कब और कैसे जाएं?**

यहां जाने के लि भुज नजदीकी हवाई अड्डा है, जो कच्छ से तकरीबन 53 किमी की दूरी पर है। भुज रेलवे स्टेशन देश के कई बड़े शहरों से जुड़ा है। आप अहमदाबाद से पहले भुज और फिर कच्छ आ सकते हैं। यहां गर्मी दस्तक दे चुकी है, लेकिन यदि ग्रामीण भारत की खूबसूरती को मन के साथ-साथ कैमरे में भी कैद करना चाहते हैं, तो इस महीने भी यहां जा सकते हैं।



## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस का जवान रातोंरात हुआ वायरल, रैप सॉन्ग लोगों को खूब आ रहा पसंद

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है, इसमें समय के साथ निखार आता है और एक दिन वह दुनिया के सामने आ जाता है। ऐसा ही कुछ जम्मू-कश्मीर के पुलिस कांस्टेबल मुकेश सिंह के साथ हुआ है। इन दिनों उनका एक रैप वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। कांस्टेबल मुकेश सिंह के ट्विटर अकाउंट को देखकर लगता है कि उनकी सिंगिंग में बहुत दिलचस्पी है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से दर्जनों वीडियोज शेयर किए हैं, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है।

कांस्टेबल मुकेश सिंह ने रविवार को एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे रैप करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को अब तक 8 हजार से अधिक लोग देख चुके हैं। वहीं, तकरीबन 1 हजार लोगों ने उनके वीडियो को पसंद किया है। जबकि 197 लोगों ने उनके वीडियो को रीट्वीट किया है और 40 से अधिक लोगों ने कमेंट भी किये हैं।

कांस्टेबल मुकेश सिंह ने 30 सेकेंड का रैप शेयर किया है, जिसमें वह अपने सपनों की उड़ान के बारे मे बता रहे हैं। उन्होंने वीडियो का कैप्शन लिखा है–जम्मू-कश्मीर कांस्टेबल और पैसनेट रैपर।

एक यूजर जिनका नाम विशाल है उन्होंने लिखा है- ग्रेट मैन, आप रॉक हो। अपना कांटेक्ट नंबर दें। इसके साथ ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस, बॉलीवुड के दबंग सलमान खान, राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह और बॉलीवुड रैपर बादशाह को हैशटैग करते हुए लिखा, क्या आप सुन रहे हैं। सिंह सही स्थान के हकदार हैं।



# स्किन के लिए बेस्ट है बेसन



बेसन का इस्तेमाल आप खाने में तो बहुत बार करते हैं लेकिन स्किन के लिए भी इसे बेस्ट माना जाता है। त्वचा से जुड़ी कोई भी समस्या बेसन के इस्तेमाल से दूर की जा सकती है। हमारी दादी-नानी भी अपनी खूबसूरती में निखार लाने के लिए बेसन का इस्तेमाल करती हैं। मुंहासों से लेकर गोरी त्वचा तक बेसन पेक फायदेमंद है। बेसन का लगातार इस्तेमाल करने से त्वचा में चमक आती है।

### ड्राई स्किन

जैसे कि अब सर्दियों ने दस्तक दे दी हैं। इस मौसम में त्वचा रूखी हो जाती है ऐसे बेसन में मलाई या दूध, शहद और एक चुटकी हलदी मिक्स करके लगाएंगे तो ड्राई स्किन से राहत और नैचुरल नमी मिलेगी।

### ऑयली स्किन

ऑयली स्किन के लिए भी बेसन बेस्ट है। बेसन में गुलाब जल मिलाकर लगाने से चेहरे पर फ्रैशनेस आती है। बेसन में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। पेक सूखने के बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें। इससे फालतू ऑयल गायब होगा और चेहरे को फ्रैशनेस मिलेगी।

### टैन स्किन

अगर धूप या रोजाना डस्ट की वजह से स्किन टैनिंग हो गई है तो भी बेस्न बेस्ट है। 2 टीस्पून बेसन लें। उसमें चुटकी भर हलदी, कुछ बूंदे नींबू की और थोड़ा सा दही मिक्स कर लें। इस पेस्ट को चेहरे और बॉडी पर लगाएं। जब यह सूख जाए तो पानी से इसे धो लें। ऐसा कुछ दिन लगातार करें आपको फर्क दिखाई देगा।

### मुंहासों वाली स्किन

मुंहासों से परेशान हैं तो एक चम्मच बेसन, चंदन पाऊडर और दूध को मिक्स करके पेस्ट तैयार करें। इसे पेस्ट को रोजाना चेहरे पर लगाएं और फर्क देखें। आप पेस्ट में चुटकी भर हल्दी भी डाल सकते हैं। इसके अलावा बेसन में शहद मिलाकर चेहरे पर लगाने से मुंहासों से राहत मिलती है।

# विदेश नहीं... ये है अपना देश

घूमने के शौकिन अपने घूमने के लिए नई-नई जगहें तलाश कर ही लेते है। दुनिया की ऐसी बहुत सी जगहें है, जहां घूमने का शौक तो सभी रखते है लेकिन पैसों के खर्च को देखकर पीछे हट जाते है लेकिन अगर आपको बिना ज्यादा पैसे खर्च किए वैसी ही जगह घूमने को मिल जाएं तो कितना बढ़िया होगा। जी हां, आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां आपको विदेश जैसी खूबसूरत जगहें घूमने को मिलेंगी।



**1. तरकर्ली**
आप ब्राजील के लुभावने समुद्र के किनारों पर घूमने का भारत मे मौजूद महाराष्ट्र के तरकर्ली में भी ले सकते हैं। यह समुद्र बिल्कुल ब्राजील के समुद्रों जैसा लगता है।

**2. मुन्नार**
मलेशिया जाकर चाय के बागानों के बीच चाय पीने का लुत्फ आप केरला के मुन्नार में जाकर भी ले सकते है। यहां का नजारा हुबहू मलेशिया जैसा है।

**3. मुंबई**
सिंगापुर की शानदार शाम और चकाचौंध से भरे नजारे देखना है तो भारत के मुंबई में मौजूद एक बार आमची जरूर जाएं।

**4. लद्दाख**
ऑस्ट्रेलिया के ऊंचे पहाड़ों का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो लद्दाख की सैर जरूर करें। यहां घूमकर आपको लगेगा मानो आप ऑस्ट्रेलिया के ऊंचे पहाड़ों पर घूम रहें।

**5. गुलमर्ग**
आप सोचते होंगे कि दुनिया में स्विटरजरलैंड जैसा कोई दूसरा शहर नहीं। अगर ऐसा है तो कश्मीर के गुलमर्ग में जाकर घूमिए।

**6. रण**
अगर आप अमेरिका की सॉल्ट लेक सिटी, यूटा देखना चाहते हैं तो गुजरात के कच्छ में स्थित रण की रोशनी में देखने का प्लॉन बनाएं।

**7. बंगलुरु पैलेस**
इंग्लैड के विंडसर किले की भव्यता आप भारत में स्थित बंगलुरु पैलेस में भी देख सकते हैं और उसका लुफ्त उठा सकते है।

# लड़के चाहते हैं कि उनकी पार्टनर बिना कहें समझ जाएं ये बातें!



लड़कियां अपने मन की बात हर किसी से शेयर कर लेती हैं लेकिन लड़के जल्दी किसी से अपनी बात नहीं कह पाते। ऐसे में लड़के चाहते हैं कि सामने वाला खुद उसकी बात को समझे। ऐसी कई बातें होती है जो मर्द चाहते है कि उनका पार्टनर बिना कहे समझ लें। इससे उनको खुशी होती है और रिलेशन भी मजबूत होता है। आज हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिसे पुरुष चाहते है कि उनका पार्टनर खुद समझें।

- लड़किया तकलीफ में होने पर रोकर अपना दर्द जाहिर कर लेती है लेकिन लड़के अपनी तकलीफ को जाहिर करने के लिए रोते नहीं है। वो चाहते है कि उनका पार्टनर खुद उनकी तकलीफ को समझे।
- अगर आपके पार्टनर में कुछ कमियां है तो किसी और पुरुष के साथ उनकी तुलना न करें। आपके ऐसा करने पर वो आपको शिकायत तो नहीं करते लेकिन यह जरूर चाहते है कि ऐसा न हो।
- अक्सर लड़कियों को शिकायत होती है कि उनका पार्टनर उन्हें समय नहीं देता। किसी रिलेशन में होने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि वो सारा समय आपको दें। ऐसे में लड़के चाहते है कि आप इस बात को बिना कहें समझे और उन्हें थोड़ा स्पेस दें।
- हर कोई चाहता है कि उनकी कोई केयर करें। ठीक ऐसा मर्द भी चाहते है लेकिन वो कहते नहीं है।
- मर्द को अपने पार्टनर से दूर हो जाने का डर होता है। इसी कारण वो कहीं बातें रहते भी नहीं है। वो चाहते है कि उन बातों को उनका पार्टनर खुद समझे।

# कोच जस्टिन लैंगर बोले- ऑस्ट्रेलिया को चाहिए धोनी जैसा फिनिशर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा है कि उनकी टीम को सीमित ओवरों के क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी या माइकल बेवन जैसे फिनिशर की तलाश है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 13 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को आजमाने का अच्छा मौका होगी।

ऑस्ट्रेलिया को हाल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों वनडे सीरीज में 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब न्यूजीलैंड के साथ अपनी अगली वनडे सीरीज खेलेगी। लैंगर ने कहा, हम खुशकिस्मत रहे कि अतीत में हमारे पास माइक हसी या माइकल बेवन जैसे खिलाड़ी रहे हैं, जो बेहतरीन फिनिशर थे। एमएस धोनी को भी इसमें महारत हासिल है। जोस बटलर ने इंग्लैंड के लिए यह काम बखूबी किया है।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम को इसकी जरूरत है। यह जगह अभी पक्की नहीं है और सभी के लिए मुकाबला खुला है। धोनी ने पिछले साल विश्व कप के बाद से कोई भी मैच नहीं खेला है। इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए धोनी को आगामी आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## कोरोना वायरस का असर- युजवेंद्र चहल ने भी मास्क से ढका मुंह

नई दिल्ली। दुनिया में कोरोना वायरस का कहर बढ़ने के साथ-साथ उसकी दहशत भी लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों को डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वे इस खतरनाक वायरस से बचने के लिए भीड़ के संपर्क में आने से पहले मुंह पर मास्क पहने। मंगलवार को टीम इंडिया के युवा लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल भी कोरोना से खुद को सुरक्षित रखने के लिए यह सावधानी अपनाते हुए दिखाई दिए।




## अब नहीं हो पाएगी महेंद्र सिंह धौनी की वापसी! बीसीसीआई ने तलाश लिया 'विकल्प'

**बरेली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राहुल जौहरी ने कहा कि महज एक सीरीज के आधार पर कप्तान विराट कोहली की फिटनेस पर सवाल खड़े करना मुनासिब नहीं है। वहीं महेंद्र सिंह धौनी के स्थान को लेकर भी चिंता करने की जरूरत नहीं है टीम में हर पोजिशन के लिए विकल्प मौजूद हैं।

विराट पर राहुल ने कहा कि वह दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ी हैं। आलोचकों को इसका सुबूत साउथ अफ्रीका सीरीज में मिल जाएगा। राहुल जौहरी होली पर अपने घर बरेली आए हुए हैं। बीसीसीआइ के सीईओ ने कहा उतार-चढ़ाव हर क्रिकेट खिलाड़ी के जीवन में आते हैं। ऐसा ही न्यूजीलैंड में विराट के साथ हुआ है। जहां तक उनकी फिटनेस का सवाल है तो वह दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ी हैं।

महेंद्र सिंह धौनी के बाद टीम को अच्छा विकेट कीपर बल्लेबाज नहीं मिल पाने के सवाल पर राहुल जौहरी ने कहा कि ऐसा नहीं है। ₹भविष्य की रणनीति को सामने रखकर प्रबंधन फैसले ले रहा है। बार-बार बदलाव उसी का हिस्सा है। इस समय में टीम में हर पोजीशन पर खिलाड़ियों को लेकर तमाम विकल्प हैं।₹

गौरतलब है सुनील जोशी को एमएसके प्रसाद की जगह बीसीसीआई ने नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करने का फैसला लिया है। जोशी की अध्यक्षता में साउथ अफ्रीका के लिए वनडे टीम चुनी गई है। उन्होंने साफ कहा है कि इस सीरीज के लिए धौनी के नाम पर चर्चा नहीं हुई और उनकी वापसी आईपीएल में किए जाने वाले प्रदर्शन पर निर्भर करती है।

# विकास कृष्ण को सिल्वर से करना पड़ा संतोष, इस वजह से छोड़ा फाइनल



**अम्मान (जॉर्डन)।** ओलंपिक का टिकट कटा चुके कॉमनवेल्थ गेम्स चैम्पियन विकास कृष्ण (69 किग्रा) को एशिया/ओसनिया क्वालिफायर में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। आंख की चोट के कारण उन्हें बुधवार को फाइनल से बाहर हो जाना पड़ा।

विश्व और एशियाई पदक विजेता विकास कृष्ण को खिताबी मुकाबले में जॉर्डन के एशेह हुसैन का सामना करना था। इस स्टार बॉक्सर के करीबी सूत्र ने बताया, 'कट की वजह से वह रिंग में नहीं उतरेंगे। उन्हें डॉक्टरों ने सलाह दी थी कि वह मुकाबले से बाहर हो जाएं।'

दरअसल, विकास कृष्ण ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह पक्की की थी। सेमीफाइल में उन्होंने कजाखस्तान के अब्लाइखान जुसुपोव को मात दी थी। बाउट के दूसरे दौर में उन्हें बाईं भौंह के नीचे चोट लगी थी।

विकास के अलावा सात अन्य भारतीय मुक्केबाजों को टोक्यो ओलंपिक में प्रवेश मिला है। अब भारत की नजरें सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) पर हैं, जो फाइनल में कोरिया की ओह येओन्जी से भिड़ेंगी।

# इंडिया लेजंड्स ने श्रीलंका को 5 विकेट से धोया, मुनाफ का 'चौका', इरफान की 31 बॉल में फिफ्टी

**मुंबई।** इंडिया लेजंड्स ने श्रीलंका की टीम को मंगलवार को टी20 मैच में पांच विकेट से हरा दिया। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मैच में श्रीलंका की ओर से दिए गए 139 रनों के लक्ष्य को भारत ने 18।4 ओवर में हासिल कर लिया। भारत की टीम की इस जीत में इरफान पठान और मोहम्मद कैफ ने अहम रोल निभाया।

इरफान ने 31 बॉल में 3 छक्के और 6 चौके की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। वहीं, कैफ ने 45 बॉल में 3 चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाए। पूर्व कोच संजय बांगर ने 18 रन बनाए। मनप्रीत गोनी 11 रन बनाकर नाबाद लौटे।

दिग्गज ओपनर वीरेंद्र सहवाग का बल्ला इस मैच में नहीं चला। 'गॉड ऑफ क्रिकेट' सचिन तेंडुलकर और सहवाग की ओपनिंग जोड़ी मैच में कुछ खास नहीं कर सकी। सहवाग जहां 3 रन बना पाए, वहीं सचिन अपना खाता भी नहीं खोल सके।



इससे पहले इंडिया लेजंड्स टीम के कप्तान सचिन तेंडुलकर ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। तिलकरत्ने दिलशान (23 रन) और रोमेश कालुवितरना (21 रन) की ओपनिंग जोड़ी ने श्रीलंका को अच्छी शुरूआत दी, लेकिन उसके बाद कोई भी बैट्समैन ज्यादा देर क्रीज पर नहीं ठहर सका। चामरा कपुगेदरा (23 रन) और सचित्रा सेनानायके (19 रन) ने कुछ अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन ये भी श्रीलंका का स्कोर ज्यादा दूर नहीं पहुंचा पाए।

## एशियन ओलिंपिक क्वॉलिफायर: मेरीकॉम और अमित पंघल को ब्रॉन्ज मेडल



अम्मान। छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरी कॉम को एशियाई बॉक्सिंग ओलिंपिक क्वॉलिफायर में ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा है। सेमीफाइनल में उन्हें चीन की युआन चांग ने हराया। इससे पहले मेरी कॉम ने सोमवार को महिलाओं की 51 किग्रा भार वर्ग के क्वॉर्टर फाइनल में 28 साल की फिलीपींस की आइरिश मेगनो को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से शिकस्त देकर दूसरी बार ओलिंपिक खेलने का अपना सपना पूरा किया।

सेमीफाइनल में मेरी कॉम का सामना चीन की युआन चांग से हुआ, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उनकी गोल्ड की उम्मीदें भी टूट गईं।

एशियाई बॉक्सिंग ओलिंपिक क्वॉलिफायर में लवलीना बोरबोहेन को 69 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। उन्हें भी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में अमित पंघल को 52 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 'एक विलन' के सीक्वल में होंगी तारा सुतारिया

**साल** 2014 की सुपरहिट फिल्म 'एक विलन' को काफी पसंद किया गया था। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। इस फिल्म को एकता कपूर और भूषण कुमार प्रड्यूस किया था। पिछले दिनों उन्होंने इस फिल्म के सीक्वल बनाने की घोषणा की थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम, आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी को कास्ट किया गया है। अब इस स्टारकास्ट में एक और मशहूर नाम जुड़ गया है। खबर के मुताबिक अब इस फिल्म से तारा सुतारिया भी जुड़ गई हैं। बताया जा रहा है कि तारा फिल्म में आदित्य रॉय कपूर के ऑपोजिट होंगी और वह एक सिंगर का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग इसी साल शुरू होने जा रही है और इसका डायरेक्शन मोहित सूरी करेंगे। इस खबर को कन्फर्म करते हुए मोहित सूरी ने कहा, किसी म्यूजिशन की बारीकियों को समझने में पूरी जिंदगी लग जाती है लेकिन खुशकिस्मती से तारा बचपन से म्यूजिक सीख रही हैं। एक फिल्ममेकर को और इससे ज्यादा क्या चाहिए। तारा के इस टैलंट पर उन्होंने कहा, तारा के पास एकदम नई और अलग आवाज है जो ईमानदारी से आती है। और फिल्म में मेरा कैरक्टर भी ऐसा ही है।




# करीना ने बताया क्यों करिश्मा के साथ नहीं की कोई मूवी

**करीना कपूर** अपने समय की सबसे डिमांडिंग अभिनेत्री रह चुकी हैं और उस समय के जितने भी हीरो-हिरोइन रहे हैं, शायद ही कोई होगा, जिसके साथ उन्होंने स्क्रीन शेयर न की हो। लेकिन उनके फैंस हमेशा से उन्हें एक खास ऐक्ट्रेस के साथ देखना चाहते हैं और वह हैं उनकी बहन करिश्मा कपूर। करीना ने अपनी बहन के साथ आज तक कभी एक साथ स्क्रीन शेयर नहीं की है। काफी पहले यह खबर भी आई थी कि जुबैदा (2001) फिल्म के लिए दोनों को अप्रोच किया गया था, लेकिन उस समय बात नहीं बन पाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में करीना ने बताया कि क्यों वह और करिश्मा एक साथ किसी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। जब उनसे इस बारे में सवाल किया तो बेबो ने बताया कि वह हमेशा से करिश्मा के साथ काम करना चाहती थीं, दोनों को एक ही फिल्म के लिए कोई ऐसी स्क्रिप्ट नहीं मिली, जो दोनों को ही पसंद आए।



# 14 साल छोटी मुग्धा गोडसे के साथ रिलेशनशिप में हैं राहुल देव





**बॉलिवुड** में कपल के बीच में एज गैप होना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन एज गैप को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। इंडस्ट्री में मिलिंद सोमन और अंकिता, शाहिद कपूर और मीरा राजपूत जैसे कई कपल हैं, जिनकी बीच उम्र का लंबा फासला है। अक्सर सिलेब्स के एज गैप को लेकर अपनी राय रखते नजर आते हैं। वहीं, अब मॉडल और ऐक्टर राहुल देव ने मुग्धा गोडसे के रिलेशनशिप को लेकर बात की है। राहुल देव अपने से 14 साल छोटी मुग्धा गोडसे के लगभग पिछले 5 साल से डेट कर रहे हैं। दोनों अक्सर अपने से जुड़े पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते है। एक टॉक शो के दौरान राहुल देव ने कहा कि हम दोनो की उम्र में लगभग 14 साल का अंतर है और इसने मुझे शुरूआत में परेशानी हुई लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि मेरे माता-पिता की उम्र में भी 10 साल का अंतर था। तो यह इतना बड़ा अंतर नहीं है। वहीं, मेरा मानना है कि जब तक आप खुश हैं तो एज गैप खास मायने नहीं रखता है। राहुल देव ने आगे बताया कि हम दोनों की मुलाकात एक शादी में हुई थी और हम लोगों की दोस्ती हो गई।